हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

अंबाला में आज ऑपरेशन सिन्दूर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा और पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया।

यात्रा शहर के जगाधरी गेट से शुरू हुई और समापन शौर्य चौंक पर हुआ। जहाँ सांसद रेखा शर्मा और सभी लोगों ने शौर्य चक्र को नमन किया।

इस अवसर पर सांसद रेखा शर्मा ने कहा -इस मौके पर मौजूद हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि भारतीय नसेना ने पाकिस्तानी सेना को पस्त कर एक बार फिर पाकिस्तान को सबक सिखाया है।

****
****

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों, और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य मौजूद रहे ।

****
****

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ांडा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।उन्होंने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। लड़कों की अपेक्षा लड़कियों का पास प्रतिशत अधिक है । उन्होंने कहा की प्रदेश की लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। वह खेलों में भी पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों विशेषकर लड़कियों को उच्चतर शिक्षा दिलाएं, ताकि वे भविष्य में परिवार व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। सरकार द्वारा लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए किये जा रहे प्रयसों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 79 राजकीय महाविद्यालय खोले गए, जिनमें से 30 महाविद्यालय केवल लड़कियों के हैं।शिक्षा मंत्री ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में प्रथम स्थान आने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से बातचीत भी की और उन्हें बधाई दी। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि तीनों संकायों में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सम्मानित करेंगे और उन्हें पुरस्कार स्वरूप एक—एक लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जाएगी।

****

हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया गया है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार निजी प्ले वे स्कूल को मान्यता देने के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा, मान्यता का नवीकरण 30 दिन के अंदर किया जाएगा।

इन दोनों सेवाओं के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। महानिदेशक अथवा निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी जबकि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव अथवा आयुक्त एवं सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

****
****

रोहतक जिला के माजरा गांव में आज सीवरेज के मेनहोल में गिरने से एक व्यक्ति और उनके 2 बेटों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गाँव के पूर्व सैनिक महाबीर सिंह का बेटा लक्ष्मण ओवरफ्लो हो रहे सीवरेज के हॉल का □क्कन खोलने के लिए गया। सीवरेज में गैस होने के कारण वह अंदर गिर गया। बचाने के प्रयास में उनके पिता महाबीर भी सीवरेज के अंदर गिर गए इसके बाद दूसरा बेटा दीपक दोनों को बचाने के लिए सीवरेज में उतरा लेकिन वह उन्हें बचा नहीं सका और तीनो की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तीनो का शव सीवरेज से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए पी..जी.आई भिजवा दिया है।

****
****

हरियाणा में गर्मी में ईजाफा हुआ है प्रदेश में अधिकतम तापमान में 6. 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज से 16 मई तक मौसम के साफ़ रहने की संभावना है जबकि 17 मई को मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा जिसके जलते प्रदेश के 8 जिलों में वर्षा हो सकती है इसके अलावा प्रदेश में कुछ स्थानों पर बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है जिन जिलों में 17 मई को बारिश की संभावना जताई गई है उनमे जींद कैथल हिसार करनाल सोनीपत पानीपत सिरसा व फतेहाबाद शामिल है।